दिनांकः 10.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने आरयूएचएस के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी का इस्तीफा किया मंजूर–डॉ. धनंजय अग्रवाल को कार्यवाहक कुलपति की जिम्मेदारी।
- प्रदेशभर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ढाई सौ टीमों ने किया पांच सौ चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण।
- परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के पर्व पर हो रहे हैं विभिन्न आयोजन–अबूझ सावे पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए कड़ी निगरानी।
- प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना–कई स्थानों पर आंधी बारिश के आसार।

....

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय– आरयूएचएस के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। डॉ. भंडारी ने कल राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपा था। इस बीच, राज्यपाल ने एक आदेश जारी कर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के नेफ्रोलोजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. धनंजय अग्रवाल को अग्रिम आदेशों तक आरयूएचएस के कुलपति की जिम्मेदारी दी है।

....

प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल व्यापक निरीक्षण और जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत विभाग की ढाई सौ टीमों ने पांच सौ चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का जायजा लिया। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों के भवनों की स्थिति, साफ–सफाई, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा मातृ और शिशु स्वास्थ्य को लेकर निरीक्षण किया गया। इसके आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों और लू तथा तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया गया।

....

आज परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जा रहा है। परशुराम जयंती के अवसर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। भगवान परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इस अवसर पर मंदिरों में प्राकट्य महोत्सव भी होंगे। हनुमानगढ़, करौली, कोटपूतली, बाड़मेर सहित कई स्थानों पर शोभायात्रा और वाहन रैली निकाली जा रही हैं। वहीं परशुराम मंदिरों में अभिषेक किया जा रहा है। भरतपुर के बिहारी जी मंदिर में विशेष श्रंगार किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नदबई में आज शोभायात्रा निकाली जाएगी।

....

अक्षय तृतीया पर अबूझ सावा होने के कारण बड़ी संख्या मांगलिक आयोजन और सामूहिक विवाह सम्मेलन होंगे। इस अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। बाल विवाह में भाग लेने वाले हलवाईयों, पंडितों और अन्य कार्मिकों को चेतावनी भी दी जा रही है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला मुख्यालयों पर नियंत्रण कक्ष भी बनाए गये हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बाल विवाह की सूचना देने और इसकी रोकथाम के लिए पाबंद किया गया है। सांचौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के किसान अक्षय तृतीया के अवसर पर खाद्यानों की पूजा कर अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

....

बीकानेर में आखातीज के अवसर पर पतंगबाजी महोत्सव मनाया जा रहा है। तेज गर्मी के बावजूद लोग पतंगबाजी का लुत्फ उठा रहे हैं।

....

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज से चार धाम यात्रा की शुरूआत हो गयी है। केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के तीर्थ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इस साल 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया है।

....

प्रदेश में चल रहे भीषण गर्मी के दौर के बीच आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से कई स्थानों पर आंधी बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विक्षोभ का असर 13 मई तक रहने के आसर हैं।

....

इस बीच, पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर लू की स्थिति बनी रही। ज्यादातर स्थानों पर लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। फलौदी में पारा 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं करीब बारह शहरों का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। प्रचंड गर्मी से बचाव और राहत के लिए जैसलमेर में आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग ने परामर्श जारी किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नगर परिषद की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है।

....

प्रचंड गर्मी के कारण बाजारों में भी दिन के समय सन्नाटा पसरा हुआ है। विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का काम भी किया जा रहा है। पारे में बढोतरी के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ गयी है। कोटा थर्मल की 110–110 मेगावॉट क्षमता वाली दो इकाईयों और छबड़ा थर्मल की 660 मेगावॉट की एक इकाई में तकनीकी खराबी आ जाने से उत्पादन ठप हो गया है। इन्हें ठीक करने का काम किया जा रहा है।

....

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में तीन नव संशोधित आपराधिक कानूनों पर क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन वार्तालाप का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य मीडियाकर्मियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 कानून की जानकारी देना है।

....